अति अल्पकालीन आम सूचना

जिला विधिक सेवा प्राधिकार

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नालन्दा,बिहारशरीफ

नियोजन सूचना सं0—01/24, दिनांक—03.09.2024

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जिला नियोजनालय, नालन्दा(बिहारशरीफ)

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अंतर्गत कार्यरत LADCS कार्यालय हेतु संविदा के आधार पर निम्न पदो पर विज्ञापन आमंत्रित किया जाता है—

क्रम सं0	पदों का नाम	पदों की सं0	शैक्षणिक योग्यता	मानदेय
01	कार्यालय सहायक/क्लर्क	03	स्नातक, हिन्दी एवं अंग्रेजी में 30 शब्द टाईपिंग प्रति मिनट तथा कम्प्यूटर का ज्ञान	20,000 प्रतिमाह
02	रिसेप्शनिस्ट—सह—डाटा इंट्री ऑपरेटर	01	स्नातक, हिन्दी एवं अंग्रेजी में 30 शब्द टाईपिंग प्रति मिनट तथा कम्प्यूटर का ज्ञान	19,000 प्रतिमाह
03	कार्यालय परिचारी/मुंशी	03	मैट्रिक पास, साइकिल चलाने का ज्ञान	13000 प्रतिमाह
			कुलः—07 पद	

अलग—अलग पदों के लिए अलग—अलग आवेदन करना है। संयुक्त आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा। आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह से सही—सही भरकर स्व हस्ताक्षरित फोटो आवेदन के साथ चिपकाएँ तथा आवेदन के साथ शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता का प्रमाण पत्र, उम्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, तथा स्व पता लिखा हुआ लिफाफा जिस पर 22 रुपये का डाक टिकट के साथ आवेदन निबंधित डाक/स्पीडपोस्ट के माध्यम से सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नालन्दा, बिहारशरीफ के पते पर भेंजे। आवेदन विज्ञापन प्रकाशन की तिथ से 15 दिनों के अन्दर जिला विधिक प्राधिकार, नालन्दा, बिहारशरीफ के कार्यालय में पहुँच जाना चाहिए। उक्त वर्णित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन किसी भी रुप में स्वीकार्य नहीं होगा।

सामान्य निर्देशः—

1. आवेदक भारत का नागरिक हो।
2. आवेदक शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ हो तथा अच्छे चरित्र का हो।
3. आवेदक जो सरकारी/अर्ध सरकारी सेवा में है को छोड़कर शेष आवेदक का स्थानीय नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है।
4. सामान्य कोटि के आवेदक का उम्र 01 अगस्त 2024 को 18 वर्ष से कम तथा 37 वर्ष से अधिक उम्र का नहीं होना चाहिए। पिछड़ा वर्ग के आदेवक का उम्र 01 अगस्त 2024 को 18 वर्ष से कम तथा 40 वर्ष से अधिक उम्र का नहीं होना चाहिए, महिला के लिए आवेदिका का उम्र 01 अगस्त 2024 को 18 वर्ष से कम तथा 42 वर्ष से अधिक उम्र का नहीं होना चाहिए, तथा अ0जा0/अ0ज0जा0 वर्ग के आवेदक का उम्र 01 अगस्त 2024 को 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक उम्र का नहीं होना चाहिये।
5. परीक्षा शुल्कः— किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है।
6. न्यूनतम निर्धारित शैक्षणिक योग्यता मात्र के कारण आवेदक को लिखित परीक्षा या साक्षात्कार हेतु बुलाया जाना सुनिशिचित नहीं है। प्राधिकार के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह आवेदन का स्क्रूटनी(छटाई) कर सकता है।
7. यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि आवेदक अपेक्षित योग्यता नहीं रखता हो अथवा उसके द्वारा कोई गलत सूचना दी गई है अथवा छिपाने की कोशिश की गई है तो उनका आवेदन रद्द किया जा सकता है।
8. कार्यालय सहायक/क्लर्क तथा रिसेप्शनिस्ट—सह—डाटा इंट्री ऑपरेटर पदों पर नियोजन हेतु कुल 75 अंक का स्क्रीनिंग टेस्ट अथवा लिखित परीक्षा तथा 25 अंक का साक्षात्कार और 25 अंक का कम्प्यूटर टाईपिंग टेस्ट होगा कार्यालय परिचारी पद के लिए कुल 50 अंक का साक्षात्कार होगा।
9. उपरोक्त सभी पद पूर्णतः संविदा पर आधारित है तथा यह संविदा 01 वर्ष के लिए मान्य होगा और अभ्यर्थी सरकारी सेवक के रुप में भविष्य में दावा नहीं करेंगे।
10. प्राधिकार के द्वारा किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
11. इस विज्ञापन से संबंधित आवेदन पत्र का प्रारूप www.nalanda.nic.in पर उपलब्ध है।

03/09/24

जिला नियोजन पदाधिकारी
नालन्दा(बिहारशरीफ)